**प्रेस नोट** **दिनांक 10.08.2026**

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मऊ ने श्रावण मास के दृष्टिगत जनपदों के विभिन्न शिव मंदिरों (शिवालयों) एवं मंदिर मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत शिवद्वार मंदिर में दर्शन-पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आज दिनांक 10.08.2026 को जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न थानों (कोपागंज, मुहम्मदाबाद, चिरैयाकोट आदि) क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिरों(नौसेमर मंदिर, देवलाश मन्दिर, आदि) एवं मंदिर जाने वाले मार्गो का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही मंदिर जाने वाले सड़क मार्ग का भ्रमण कर मार्गो की स्थिति, यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

विद्युत विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर एवं मार्गों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं नगर पालिका के

संबंधित अधिकारियों को मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया तथा ड्रोन कैमरे के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल सुविधा की उपलब्धता का भी जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर एवं मार्गों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मेडिकल व्यवस्था उपलब्ध रखी जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रावण मास के दौरान शिवद्वार मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भीड़ एवं यातायात का सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मंदिर मार्ग पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखते हुए आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती एवं प्रभावी निगरानी की जाए।

साथ ही संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रावण मास के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे

प्रेस  नोट

10/08/2026

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**थानावार कार्यवाही का विवरण –**

1. थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त रामाश्रय मोर्य उर्फ छोटू पुत्र प्रेमचन्द्र मौर्या निवासी  जमीन मनौली थाना मधुबन जनपद मऊ
2. थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा रामप्रताप चौहान पुत्र नन्दू चौहान निवासी देवदह थाना हलधरपुर जनपद मऊ।

उक्त अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा 01 पीडितो का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि 144900-/ (एक लाख चौवालिस हजार नौ सौ ) रुपये पीडित को कराया गया -**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा यूपीआई के माध्यम से खाते से फ्राड से फ्राड की गयी धनराशि दिनांक- 10.08.2026 को पीड़ित आयुष कुमार राय पुत्र कृष्ण कुमार राय ग्राम कसारी पोस्ट खुरहट की कुल धनराशि 144900/- रुपये साइबर पुलिस टीम थाना रानीपुर जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP

साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।